**'अल्पसंख्यक कल्याण हेतु प्रधान मंत्री का 15 सूत्री कार्यक्रम' और 'सच्चर समिति की सिफारिशों का कार्यान्वयन' के विभिन्न मुद्दों का प्रचार करने वाली सूचना और प्रसारण मंत्रालय की मीडिया यूनिटों द्वारा चलाए गए प्रचार पर की गई कार्रवाई नोट**

**जनवरी - मार्च 2020**

**<u>पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी)</u>**

- पीआईबी प्रधानमंत्री के 15 सूत्रीय कार्यक्रम और सच्चर समिति की सिफारिशों के तहत अल्पसंख्यकों के कल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर नियमित रूप से विज्ञप्तियां/फीचर जारी करता है ।
- इसके विभिन्न क्षेत्रों से इस विषय पर 10 वार्तालाप आयोजित किए गए और 240 प्रेस विज्ञप्तियां जारी की गईं।

**<u>लोक् सम्पर्क और संचार ब्यूरो (बीओसी)</u>**

➢ ***प्रिंट विज्ञापन***

- ब्यूरो अल्पसंख्यक कल्याण से संबंधित विषयों पर अखिल भारतीय आधार पर समय-समय पर विज्ञापन जारी करता रहा है जिनमें उनके लिए उपलब्ध भारत सरकार की विभिन्न स्कीमों, निधियों, छात्रवृत्तियों आदि की जानकारी दी जाती है।
- बीओसी ने तिमाही के दौरान कई समाचार पत्रों में 7 विज्ञापन जारी किए ।
- "हुनर हाट" और "वर्ष 2019 के दौरान डब्ल्यूएक्यूएफ संस्थानों के प्रबंधन में उत्कृष्टता के पुरस्कारों का नामांकन" के विषयों पर समाचार पत्र विज्ञापन जारी किए गए थे ।

➢ ***आउटडोर प्रचार अभियान***

- बीओसी ने तिमाही के दौरान "हुनर हाट" के विषयों पर 3 विज्ञापन जारी करने के लिए दिल्ली में 49,03,111 रु. ,राजस्थान में 11,99,989 रु. और उत्तर प्रदेश में 70,800 रु. खर्च किए।

➢ ***क्षेत्र प्रचार***

- बीओसी के विभिन्न क्षेत्रिय लोक् सम्पर्क ब्यूरो (एफओबी) ने तिमाही के दौरान देश भर में अल्पसंख्यक केंद्रित क्षेत्रों में सरकार की प्रमुख योजनाओं पर 16 एकीकृत संचार और आउटरीच कार्यक्रम (आईसीओपी) और 99 नियमित आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किए ।

- आउटरीच कार्यक्रमों के विषय स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छता ही सेवा - प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन अभियान, फ़िट इंडिया, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, जल संरक्षण/ जल शक्ति अभियान , प्रधानमंत्री जन औषधि योजना, पोषण अभियान, मिशन इंद्रधनुष, महात्मा गांधी की 150वीं जयंती, एक भारत श्रेष्ठ भारत, एक लक्ष्य सबका साथ सबका विकास और नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19) पर जागरूकता थे।
- इन सभी ब्यूरो ने लक्षित लाभार्थियों की सक्रिय भागीदारी के साथ आयोजित गतिविधियों में समूह चर्चा, प्रश्न-उत्तर सत्र, सार्वजनिक बैठकों, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और स्थानीय भाषाओं में आयोजित फिल्म शो आदि जैसे विभिन्न स्वरूपों का उपयोग किया।
- इन सभी ब्यूरो ने सरकार की योजनाओं पर लगभग 487 गतिविधियों का आयोजन किया।
- इन सभी ब्यूरो ने 117 गांवों को कवर किया और इस तिमाही के दौरान देश के कई अल्पसंख्यक केंद्रित गांवों में अपने प्रचार कार्यक्रमों के माध्यम से लगभग 88 हजार से अधिक लोगों को जागरूक किया।

**आकाशवाणी**

- सभी आकाशवाणी केंद्रों ने 'अल्पसंख्यक कल्याण' पर उपयुक्त कार्यक्रमों को तैयार करके इस विषय का व्यापक प्रचार किया।
- विभिन्न स्वरूपों का उपयोग किया गया जिसमें- वार्ता, चर्चा, साक्षात्कार, कम्पीयरिंग आदि शामिल थे।
- कार्यक्रमों में मुख्यतः 15 सूत्री कार्यक्रम के विभिन्न घटकों और सच्चर समिति की रिपोर्ट के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया गया।
- तिमाही के दौरान आकाशवाणी केंद्रों द्वारा कुल 264 कार्यक्रम प्रसारित किए गए।

**दूरदर्शन**

- देश भर के विभिन्न दूरदर्शन केंद्रों ने विभिन्न स्वरूपों के माध्यम से अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम और सच्चर समिति की सिफारिशों के कार्यान्वयन पर कार्यक्रम प्रसारित किए।
- कार्यक्रमों के प्रारूप में चर्चा, लाइव फोन-इन, साक्षात्कार, लाइव पैनल चर्चा, आदि शामिल थे।
- तिमाही के दौरान दूरदर्शन केंद्रों द्वारा कुल 269 कार्यक्रमों का प्रसारण किया गया।

*****

# सूचना और प्रसारण मंत्रालय

## जनवरी से मार्च 2020 तक राज्यवार तिमाही प्रगति रिपोर्ट (क्यूपीआर)

| क्रम. संख्या | राज्य / केंद्र शासित प्रदेशों का नाम | बीओसी द्वारा क्षेत्र की गतिविधियों की संख्या (एफओबी) | पीआईबी द्वारा वार्तालाप | आकाशवाणी द्वारा प्रसारित कार्यक्रमों की संख्या | बीओसी द्वारा प्रिंट मीडिया पर खर्च (रु. में) | डीडी द्वारा प्रसारित कार्यक्रमों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अण्डमान और निकोबार | - | - | - | 88,768 | - |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 47 | - | 6 | 3,39,806 | 4 |
| 3 | तेलंगाना | | 2 | - | 14,46,810 | 6 |
| 4 | अरुणाचल प्रदेश | - | - | - | 1,20,167 | - |
| 5 | असम | - | - | 27 | 3,81,444 | 10 |
| 6 | बिहार | - | 1 | - | 16,14,848 | 3 |
| 7 | चंडीगढ़ | - | - | - | 1,79,773 | - |
| 8 | छत्तीसगढ़ | 20 | - | 6 | 6,44,954 | 4 |
| 9 | मध्य प्रदेश | 33 | - | - | 18,93,936 | 96 |
| 10 | दादरा और नगर हवेली | - | - | - | 2,23,621 | - |
| 11 | दमन और दीव | - | - | - | 1,28,434 | - |
| 12 | गुजरात | 9 | - | - | 13,72,006 | 42 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | - | - | 5 | 6,34,044 | - |
| 14 | झारखंड | - | - | 5 | 12,18,455 | 2 |
| 15 | कर्नाटक | 191 | - | - | 7,81,911 | 2 |
| 16 | केरल | 63 | 1 | 4 | 11,85,385 | 9 |
| 17 | लक्षद्वीप | | - | - | 0 | - |
| 18 | महाराष्ट्र | - | 1 | 73 | 46,34,818 | - |
| 19 | गोवा | | - | - | 28,369 | 2 |
| 20 | मिजोरम | 75 | - | 33 | 1,82,857 | - |
| 21 | मेघालय | | - | - | 1,25,135 | 6 |
| 22 | त्रिपुरा | | - | - | 2,49,891 | - |
| 23 | नगालैंड | - | - | - | 1,06,063 | 22 |
| 24 | मणिपुर | | - | 6 | 1,20,956 | 8 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 25 | पंजाब | - | - | 4 | 3,20,952 | 18 |
| 26 | हिमाचल प्रदेश | | - | - | 2,22,236 | 4 |
| 27 | हरियाणा | | - | - | 1,10,260 | 3 |
| 28 | दिल्ली | | - | - | 84,59,527 | - |
| 29 | ओडिशा | - | - | 4 | 7,70,508 | 3 |
| 30 | पुडुचेरी | - | - | - | 1,39,340 | 7 |
| 31 | राजस्थान | - | - | - | 14,19,331 | - |
| 32 | तमिलनाडु | 13 | - | 7 | 5,03,853 | - |
| 33 | उत्तराखंड | - | 1 | - | 7,16,137 | - |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 26 | 2 | 27 | 51,79,349 | 14 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 10 | 2 | 4 | 9,31,980 | 4 |
| 36 | सिक्किम | | - | 53 | 1,52,029 | - |

***